**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 25.04.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति/जल जीवन मिशन की आयोजित की गयी समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. जिलाधिकारी, इटावा।
2. मुख्य विकास अधिकारी, इटावा।
3. जिला विकास अधिकारी, इटावा।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, इटावा।
5. जिला अभियन्ता, वाटर रिसोर्सेस/सिचाई विभाग, इटावा।
6. अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, इटावा।
7. जिला कृषि अधिकारी, इटावा।
8. जिला सूचना जन सम्पर्क अधिकारी, इटावा।
9. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, इटावा।
10. डीपीएम, बी.एल.जी.कं0 टी0पी0आई0, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य स्टाफ फर्म मै0 आई.एच.पी./फर्म मै0 OMIL–JWIL (JV)।

**जल जीवन मिशन (फेज–2)** :– अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 को 94 नग (सम्मिलित 159 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य किया जाना लक्षित है। 94 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 40 नग पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में 159 नग राजस्व ग्राम के सापेक्ष 126 राजस्व ग्राम में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

**निर्देशः**– फर्म को निर्देशित किया गया है कि उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष पेयजल योजनाओं के कार्यों लक्षित योजनाऐं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समस्त नियमित जलापूर्ति से सम्बन्धित पेयजल योजनाओं में क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति करें।

**(कार्यवाही : मै0 द इण्डियन हयूम पाइप प्रा0लि0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण))**

**जल जीवन मिशन (फेज–3)**:– अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 को 259 नग (सम्मिलित 381 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं का कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। 259 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 06 नग पेयजल योजनाओं का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में 381 नग राजस्व ग्राम के सापेक्ष 67 राजस्व ग्राम में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

**निर्देशः**– फर्म को निर्देशित किया गया है कि उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष पेयजल योजनाओं के कार्यों लक्षित योजनाऐं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समस्त नियमित जलापूर्ति से सम्बन्धित पेयजल योजनाओं में क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति करें।

**(कार्यवाही : मै0 OMIL–JWIL (JV) , अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण))**

जल निगम द्वारा पुरानी पेयजल योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण कार्यः– अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से फर्म मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन लि0, गुजरात को 97 नग (सम्मिलित 143 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो का रखरखाव व मरम्मतीकरण हेतु 10 वर्ष हेतु नामित किया गया है, जो पूर्व में ग्राम पंचायत को हस्तगत है। वर्तमान में 143 नग राजस्व ग्राम के सापेक्ष 133 राजस्व ग्राम में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जल निगम की योजनाओं में 14 नग योजना पूर्ण क्षमता पर संचालित है, 77 नग योजना आंशिक संचालित और 06 नग योजना क्रियाशील नहीं है, योजनाओं को पूर्ण क्षमता पर संचालन हेतु कमियों को दूर करने हेतु डी0पी0आर0 बनाकर प्रेषित कर दिया गया है।

**निर्देशः**– फर्म को निर्देशित किया गया है, कि समस्त योजनाओं में क्लोरीन युक्त नियमित जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही : मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन लि0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण))**

**हैण्डपम्प कार्य:**—डी0पी0आर0ओ0 को निर्देशित किया गया है कि ग्रीष्म काल को दृष्टिगत हैण्डपम्पों की मरम्मत करा ली जाये।

**स्रोत स्थिरिता की कार्य योजना**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्र संख्या 2487/JJM Letter/2025-26/Tech 20 दिनांक 30-10-2025 एवं पत्र संख्या 2947/JJM Letter/2025–26/Tech 20 दिनांक 30-12-2025 द्वारा पाइप पेयजल योजनाओं के स्रोतो की स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये गये है। उसके अनुपालन अधिशासी अभियन्ता,विधुत यांत्रिक जल निगम ग्रामीण, कानपुर द्वारा प्लान बनाकर अधिशासी अभियन्ता,जल निगम ग्रामीण, इटावा को प्रेषित किया गया द्वारा प्लान प्रस्तुत किया गया अधिशासी अभियन्ता,जल निगम ग्रामीण, इटावा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में सभी भूजल आधारित योजनाएँ है। जिनकी स्रोत स्थिरिता की कार्य योजना तैयार कर ली गयी है, प्रस्तुत किया गया जिसे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किया जाना है।

सधन्यवाद मीटिंग समाप्त हुई।

अधिशासी अभियन्ता (जल निगम)/सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
इटावा

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), इटावा**

पत्रांक : 1577 / W-15 / 74 दिनांक 02/05/26

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक,राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, महोदय इटावा।
3. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय इटावा।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, इटावा।
5. जिला कृषि अधिकारी, इटावा।
6. जिला सूचना अधिकारी, इटावा।
7. सहायक अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, इटावा।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, इटावा।
9. प्रभागीय वनाधिकारी।
10. प्रतिनिधि मै0 आई0एच0पी0कं0लि0 / मै0 OMIL&JWIL (JV) / मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन कं0।
11. डी0पी0एम0यू0 इटावा।
12. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,इटावा।

अधिशासी अभियन्ता (जल निगम)/सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
इटावा